भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1514
जिसका उत्तर सोमवार, 02 दिसम्बर, 2019 को दिया जाना है

**इलेक्ट्रिक वाहनों के महत्वपूर्ण घटकों की आपूर्ति श्रृंखला**

**1514. श्री एस. मुत्तुकरूप्पन:**

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के महत्वपूर्ण पावर ट्रेन घटकों के लिए भारतीय आपूर्ति श्रृंखला केवल तभी आगे आ सकती है जब सड़कों पर पर्याप्त संख्या में ऐसे वाहन होंगे;

(ख) क्या यह भी सच है कि औद्योगिक निकाय सोसाइटी ऑफ इलेक्ट्रिक मैनुफैक्चरर्स ऑफ इलेक्ट्रिक व्हिकल्स एसएमईवी ने कहा है कि सरकार को स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत ई-मोबिलिटी पर अधिक जोर देना चाहिए जो वर्तमान में नहीं किया जा रहा है; और

(ख) यदि हाँ, तो क्या सरकार सोसाइटी ऑफ मैनुफैक्चरर्स ऑफ इलेक्ट्रिक व्हिकल्स (एसएमईवी) के प्रस्ताव पर विचार कर रही है?

**उत्तर**
**भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री**
**(श्री प्रकाश जावड़ेकर)**

**(क)** जी, हाँ। महत्वपूर्ण इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) और इलेक्ट्रिक वाहनों के संघटकों एवं अपटेक के लिए स्थानीय आपूर्ति श्रृंखला का विकास एक दूसरे से जूड़ा है।

**(ख) और (ग):** भारी उद्योग विभाग के विचारार्थ ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

******